# भारतीय वायु सेना
# Indian Air Force

## भा.वा.से. ( आईएएफ ) में समूह 'ग' सिविलियन पदों की सीधी भर्ती

### (विज्ञापन संख्या-01/2022/डीआर)

1. निम्नलिखित विभिन्न वायु सेना केंद्रों / एककों में निम्नलिखित **समूह 'ग' सिविलियन** पदों की भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं. पात्र उम्मीदवार अपने आवेदनपत्र संबंधित केंद्रों/एककों को भेजें.

पदों के विवरण नीचे दिए गए हैं:-

| मुख्यालय केंद्रीय वायु कमान, आईएएफ | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | डाक का पता | पद | रिक्तियों की कुल संख्या | वर्ग, जिसके लिए पद निर्धारित होना चाहिए | | | | | | |
| | | | | अना. | अपिजा. | अजा. | अजजा. | ईडब्ल्यूएस | पीडब्ल्यूबीडी | भूपूसै. |
| 1. | एयर ऑफिसर कमांडिंग वायु सेना केन्द्र, बरेली (उ.प्र.)-243002 | एचकेएस | 01 | 01 | - | - | - | - | - | - |
| 2. | एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना केन्द्र, गोरखपुर (उ.प्र.)-273002 | कुक (ओजी) | 01 | - | - | 01 | - | - | - | 01 |
| 3. | केन्द्र कमांडर, वायु सेना, केन्द्र भोवाली, उत्तराखंड-263132 | कारपेंटर (एसके) | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - |
| 4. | कमांडिंग ऑफिसर, वायु सेना अस्पताल, वायु सेना केन्द्र गोरखपुर (उ.प्र.)-273002 | एमटीएस | 01 | 01 | - | - | - | - | - | 01 |

**टिप्पणी :** रिक्तियों की संख्या परिवर्तित हो सकती है.

**टिप्पणी : अना**-अनारक्षित, **अजा**-अनुसूचित जाति, **अजजा**-अनुसूचित जनजाति, **अपिजा**-अन्य पिछड़ी जाति, **पीडब्ल्यूबीडी**-बैंचमार्क दिव्यांगजन, **ईडब्ल्यूएस**-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **भूपूसै**-भूतपूर्व सैनिक

| | |
|---|---|
| अजा/अजजा/अपिजा/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/भूपूसै के लिए आरक्षण | पीडब्ल्यूबीडी/भूपूसै के लिए आरक्षित कोटा के अंतर्गत चयनित व्यक्तियों को अना/अजा/अजजा/अपिजा/ईडब्ल्यूएस में पद आरक्षित रोस्टर में भी समायोजित किया जाएगा. |

2. **आयु सीमा :** सभी पदों के लिए 18-25 वर्ष (आयु-सीमा का निर्धारण आवेदनपत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख को आधार मानकर किया जाएगा.)

**(क) आयु में छूट**

(i) अपिजा के उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष

(ii) अजा/अजजा के उम्मीदवारों के लिए 05 वर्ष

(iii) पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष (अजा, अजजा के पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अतिरिक्त 05 वर्ष और अपिजा के लिए 3 वर्ष)

**(iv) भूतपूर्व सैनिक :** सशस्त्र बलों में कम से कम 06 महीनों की निरंतर सेवा कर चुके भूतपूर्व सैनिकों को ऐसी सेवा की पूरी अवधि को अपनी वास्तविक आयु में से घटाने की अनुमति होगी और यदि उनकी परिणामी आयु निर्धारित उच्चतम आयु से तीन वर्ष से अधिक नहीं है तो उन्हें आयु-सीमा के अंदर माना जाएगा.

**(v) अजा/अजजा/अपिजा:** अनारक्षित पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार आयु-सीमा, अनुभव आदि में किसी छूट के पात्र नहीं हैः

**(vi) विभागीय कर्मचारी :** अना के लिए 40 वर्ष, अजा/अजजा के लिए 45 वर्ष

**टिप्पणी :** सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट प्रचलित सरकारी अनुदेशों के अनुसार है.

3. **प्रत्येक पद के लिए शैक्षिक योग्यता/वेतनमान :**

| क्र. सं. | पद | वेतनमान | शैक्षिक योग्यता/अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1. | **कुक (सामान्य ग्रेड)** | सातवें कें.वे.आ. के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार लेवल-2 | किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन तथा कैटरिंग में प्रमाणपत्र या डिप्लोमा, ट्रेड में 1 वर्ष का अनुभव. |
| 2. | **कारपेंटर (कुशल)** | सातवें कें.वे.आ. के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार लेवल-2 | किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण. किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कारपेंटर के ट्रेड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रमाणपत्र **या** उपयुक्त ट्रेड अर्थात कारपेंटर रिगर में भूतपूर्व सैनिक |
| 3. | **हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)** | सातवें कें.वे.आ. के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार लेवल-1 | किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण या समकक्ष योग्यता. |
| 4. | **मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)** | सातवें कें.वे.आ. के वेतन मैट्रिक्स के अनुसार लेवल-1 | **अनिवार्य :** किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण या समकक्ष योग्यता. **वांछनीय :** किसी संगठन या संस्थान से वॉचमैन या लस्कर, या गैस्टेटनर ऑपरेटर या गार्डनर के रूप में एक वर्ष का अनुभव. |

**टिप्पणी :** पद का नाम बदल सकता है

4. **चयन पद्धति :**

**(क)** सभी आवेदनपत्रों की, आयु-सीमा, न्यूनतम योग्यता, प्रलेखों एवं प्रमाणपत्रों के संबंध में जांच की जाएगी. उसके बाद पात्र उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलावा-पत्र जारी किया जाएगा.

**(ख)** पात्र उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में बैठना होगा. लिखित परीक्षा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता पर आधारित होगी.

**(ग) लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम :-**

➤ **एमटीएस, एचकेएस के लिए :** सामान्य सतर्कता एवं तर्कसंगतता, संख्यात्मक अभिरुचि, सामान्य अंग्रेजी एवं सामान्य जानकारी.

➤ **सभी अन्य ट्रेड/पदों के लिए :** सामान्य सतर्कता एवं तर्कसंगतता, संख्यात्मक अभिरुचि, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य जानकारी, ट्रेड/पद से संबंधित प्रश्न.

**(घ)** प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका अंग्रेजी और हिंदी में होगी.

**(ङ)** उम्मीदवारों की अपेक्षित संख्या की अल्पसूची बनाई जाएगी (रिक्तियों की संख्या के 10 गुना तक सीमित की जा सकती है) और उन्हें कौशल/शारीरिक/व्यावहारिक परीक्षा-जहां लागू हो, के लिए बुलाया जाएगा. इसके अलावा 100% वेटेज लिखित परीक्षा को दिया जाएगा. व्यावहारिक/शारीरिक/कौशल परीक्षा केवल उत्तीर्णता प्रकृति की होगी और उनमें प्राप्त अंकों को मैरिट सूची बनाते समय कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा.

**(च)** अल्पसूचीगत उम्मीदवारों को मूल प्रमाणपत्र, आवेदनपत्र के साथ संलग्न अनुलग्नकों की फोटोप्रतियां अपने साथ लानी होंगी.

5. **अंतिम तारीख :** आवेदनपत्र स्वीकार करने की अंतिम तारीख रोज़गार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **30 दिन** है.

6. **आवेदन कैसे करें :** पात्र उम्मीदवार रिक्तियों और योग्यता के अधीन अपनी पसंद के किसी भी वायु सेना केंद्र को आवेदन कर सकते हैं. निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवेदनपत्र (अंग्रेजी/हिंदी में टाइप किए हुए) निम्नलिखित प्रलेखों के साथ साधारण डाक द्वारा संबंधित वायु सेना केंद्र के पास पहुंच जाने चाहिए:-

**(क)** शैक्षिक योग्यता, आयु, तकनीकी योग्यता, शारीरिक विकलांगता, अनुभव प्रमाणपत्र और जाति प्रमाणपत्र (अजा/अजजा/अपिजा के उम्मीदवारों के मामले में सक्षम सिविल प्राधिकरणों द्वारा जारी) आदि के समर्थन में सभी प्रलेख स्व-सत्यापित करके आवेदनपत्र के साथ संलग्न करें.

**(ख)** अपिजा के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कोटा के अंतर्गत उनकी नियुक्ति के मामले में उनकी जाति अपिजा की केंद्रीय सूची में शामिल होनी चाहिए क्योंकि केवल केंद्रीय सूची के अंतर्गत सूचीबद्ध उम्मीदवार ही केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के पात्र हैं. अपिजा के मामले में सम्पन्न वर्ग के संबंध में नवीनतम नियमों का पालन किया जाएगा. अपिजा के रूप में आरक्षण लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदनपत्र के साथ इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे किसी सम्पन्न वर्ग (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं हैं.

**(ग)** भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार डिस्चार्ज बुक की स्व-सत्यापित प्रति आवेदनपत्र के साथ संलग्न करें.

**(घ)** आवेदनपत्र अंग्रेजी/हिंदी में टाइप किया हुआ हो और इस पर पासपोर्ट आकार का नया स्व-सत्यापित फोटो चिपका हो. कोई अन्य समर्थक प्रलेख (स्व-सत्यापित). अपना पता लिखा रु.-10/- की डाक-टिकट लगा लिफाफा, पता अंग्रेजी/हिंदी में टाइप होना चाहिए. प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदनपत्र भेजें. उम्मीदवार लिफाफे के ऊपर साफ अक्षरों में **''विज्ञापन सं. 01/2022/डीआर के अंतर्गत ........................................ पद और ............................................ वर्ग के लिए आवेदनपत्र''** लिख दें.

**(ङ)** पासपोर्ट आकार के दो फोटो (आवेदनपत्र पर चिपके फोटो जैसे).

7. **सामान्य अनुदेश :**

**(क)** इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से पहले और अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे और उन्हें रद्द कर दिया जाएगा. डाक में किसी विलंब के लिए आईएएफ जिम्मेदार नहीं होगी.

**(ख)** लिखित परीक्षा/कौशल/व्यावहारिक/शारीरिक परीक्षा के लिए पात्र उम्मीदवारों को बुलाने से पहले संबंधित एकक द्वारा आयु-सीमा, न्यूनतम योग्यता, प्रलेखों और प्रमाणपत्रों के संबंध में आवेदनपत्रों की पूर्व-जांच की जाएगी. यदि आवेदनपत्र अधूरा/प्रारूप के अनुसार नहीं पाया गया तो बोर्ड ऐसे किसी भी आवेदनपत्र को कोई कारण बताए बिना, रद्द कर देगा.

**(ग)** परीक्षा/कौशल/व्यावहारिक/शारीरिक परीक्षा के लिए केंद्र की सूचना भविष्य में यथा समय दी जाएगी. केंद्र उस स्थान से अलग हो सकता है जहां आवेदनपत्र भेज गया है. यह केवल प्रशासनिक सुविधा के लिए किया जाता है.

**(घ)** लिखित परीक्षा /कौशल/व्यावहारिक/शारीरिक परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा.

**(ङ)** चयनित उम्मीदवार अखिल भारतीय सेवा दायित्व के अधीन होंगे.

**(च)** केवल बुनियादी चयन मानदण्ड पूरा करने से कोई उम्मीदवार लिखित परीक्षा/कौशल/व्यावहारिक परीक्षा के लिए बुलाए जाने का स्वतः पात्र नहीं हो जाएगा.

**(छ)** कौशल/व्यावहारिक/शारीरिक परीक्षा के समय उम्मीदवार अपने मूल प्रमाणपत्र यथा अजा/अजजा/ अपिजा/ ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/भूपूसै, शैक्षिक योग्यता/तकनीकी योग्यता और अनुभव प्रमाणपत्र अपने साथ लाएं.

**(ज)** सभी वर्गों के लिए परीक्षा एक साथ ली जाएगी. उस वर्ग का निर्णय लेने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी, जिस वर्ग के लिए वह परीक्षा में बैठना चाहता है. यदि परीक्षाएं एक ही तारीख को ली जाती हैं तो एक से अधिक वर्गों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए कोई अलग परीक्षा नहीं ली जाएगी.

8. **कोविड-19 अनुदेशः**

(i) कोविड-19 के जोखिम से बचने के लिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि कोविड-19 के निवारण के लिए केंद्र /राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों/दिशानिर्देशों का पालन करें.

(ii) प्रवेश के समय यदि उम्मीदवार में रुग्णता के किसी (आईएलआई) की कोई शिकायत मिलती है तो अन्य उम्मीदवारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

9. संबंधित वायु सेना केंद्रों के एयर ऑफिसर कमांडिंग/स्टेशन कमांडर/कमांडिंग ऑफिसर कोई भी कारण बताए बिना किसी भी आवेदनपत्र को रद्द करने का अधिकार रखते हैं. इसी तरह संबंधित कमान/एकक चयन से पहले किसी भी समय रिक्तियों की संख्या/आरक्षण स्थिति में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है.

**आवेदन-प्रारूप**

**.............................. एकक में .............................................. पद के लिए आवेदनपत्र**

| |
|---|
| **पासपोर्ट आकार का स्व-सत्यापित फोटो** |

(1) आवेदित पद का नाम ..............................................................................

(2) उम्मीदवार का नाम ..............................................................................

(साफ अक्षरों में)

(3) पिता का नाम ..............................................................................

(4) जन्म तिथि ..............................................................................

(जन्म प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(5) आवेदनपत्र स्वीकार करने की अंतिम तारीख को आयु ....................... वर्ष ........... माह ........... दिन

(6) पत्र व्यवहार का पता

मकान सं./गली/गांव ........................................... डाक घर ...................................

जिला ........................ राज्य ........................................ पिन कोड ...............................

(7) स्थायी पता

मकान सं./गली/गांव ........................................... डाक घर ...................................

जिला ........................ राज्य ........................................ पिन कोड ...............................

(8) जाति : सामा./अपिजा/अजा/अजजा ..............................................................................

(अजा/अजजा/अपिजा के मामले में स्व-सत्यापित प्रमाणपत्र संलग्न करें)

(9) शैक्षिक योग्यता ..............................................................................

(शैक्षिक प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें)

(10) कोई अन्य योग्यता / अनुभव : ....................................................................

(शेष पृष्ठ 41 पर)